प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत प्रयागराज और आगरा समेत बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को दी मंजूरी।
2. प्रधानमंत्री जन धन योजना के पूरे हुए 10 वर्ष : देश में अब तक 53 करोड़ से अधिक और उत्तर प्रदेश में 9 करोड़ 45 लाख से अधिक बैंक खाते खुले ।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में पांच हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र : 705 करोड़ की 305 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
4. अमेठी के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदलेः जायस स्टेशन अब गुरु गोरखनाथ धाम और अकबरगंज स्टेशन मां अहोरवा भवानी धाम के नाम से जाना जायेगा।

और

5. प्रतापगढ़ के श्याम प्रकाश मौर्य और मिर्जापुर के रविकांत द्विवेदी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए चयनित।

———————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के आद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत बारह नए ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट

शहरों को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन औद्योगिक क्षेत्रों में संयुक्त अनुमानित निवेश 28 हजार छह सौ दो करोड़ रुपये होगा। उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं से दस लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख तक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। 10 राज्यों में फैले और रणनीतिक रूप से नियोजित 6 प्रमुख गलियारों के साथ ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक विकास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएंगी। ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा–पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओरवाकल और कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर–पाली में स्थित हैं। इसके अलावा केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफएम चनलों की ई–नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है।

———————

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को

धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अंत्योदय के संकल्प, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को गति प्रदान करती इस योजना ने गरीब कल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 9 करोड़ 45 लाख से अधिक लोगों के खाते खोले गए हैं। इन खातों में लगभग 48 हजार 757 करोड़ रुपए जमा हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में जनपद स्तरीय वृहद रोजगार और ऋण मेले के अंतर्गत पांच हजार से अधिक युवाओं का नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही उद्यमियों को 35 करोड़ से अधिक का ऋण वितरित किया। मुख्यमंत्री ने पंद्रह सौ से अधिक छात्र–छात्राओं को टैबलेट दिए और 705 करोड़ की 305 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का काई विकल्प नहीं हो सकता। इसके लिए सुरक्षा जरूरी है। उन्होंने कहा कि

**2017 के बाद बिना भेदभाव डबल इंजन सरकार ने युवाओं को रोजगार दिलाने का काम किया है। बाइट....**

*2017 के बाद आज अलीगढ़ का नौजवान भी सरकारी नौकरी प्राप्त करता है कोई भेदभाव नहीं होता। व्यावसायिक शिक्षा विभाग आज आपको वर्ल्ड क्लास आईटीआई और स्किल डेवलपमेंट के सेंटर देगा रहा है। टेबलेट और स्मार्ट फोन दो करोड़ नौजवानों को दे रहे है यह उत्तर प्रदेश के विकास और प्रतिभा का आधार बनेगा तो यही विकसित उत्तर प्रदेश जब हम 2017 में आए थे देश की छठी सातवीं अर्थव्यवस्था की थी आज नंबर दो की अर्थव्यवस्था है और बहुत शीघ्र अगले तीन चार वर्षों में उत्तर प्रदेश देश के नंबर एक की अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए बड़े लक्ष्य पर काम करना है।*

——————————

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने अमेठी जिले के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने को मंजूरी देते हुए आदेश जारी कर दिया है। अमेठी जिले के कासिमपुर हॉल्ट को अब जायस सिटी के नाम से जाना जाएगा। इसी तरह जायस स्टेशन का नाम गुरु गोरखनाथ धाम होगा। मिश्रौली को मां कालिकन धाम, बनी को स्वामी परमहंस, अकबरगंज को मां अहोरवा भवानी धाम, वजीरगंज हाल्ट को अमर शहीद भाले सुल्तान, फुरसतगंज को तपेश्वर नाथ धाम व निहालगढ़ को महाराजा बिजली पासी के नाम से जाना जाएगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने स्टेशनों के नाम बदलने के लिए पत्र लिखा था। मंदिरों, संतों और स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करके क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान

और विरासत को संरक्षित करने के लिए यह पहल रेलवे की ओर से की गई है।

—————————

आचार संहिता उल्लंघन मामले में सपा नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने आज बरी कर दिया। सीतापुर जेल में बंद आजम खान पर आरोप था कि वो 2019 लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र पर अपने वाहन से पहुंचे थे, जबकि नियम है कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में कोई भी वाहन से नहीं जा सकता है।

—————————

सुलतानपुर को एमपी–एमएलए कोर्ट में आज दोपहर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सरेंडर किया। बिजली–पानी को लेकर प्रदर्शन के 23 साल पुराने मामले में कोर्ट ने उन्हें 50–50 हजार के मुचलके पर जमानत दी है।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज ग्रेटर नोएडा में 10वीं अंतर्राष्ट्रीय औषधि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत का औषधि क्षेत्र वर्ष 2030 तक 130 अरब डॉलर का उद्योग बन जाएगा, जो वर्तमान में लगभग 55 अरब डॉलर है। श्री प्रसाद ने कहा कि भारत दवाओं की मात्रा के मामले में तीसरे सबसे बड़े उद्योग के साथ दुनिया की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत तीन हजार से अधिक फार्मा कंपनियों का घर है और उसके पास साढ़े 10 हजार से अधिक निर्माताओं का एक सशक्त तंत्र है।

——————————

प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्य और मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए चयनित किया गया है। इन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2024 के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के

नाम की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में 50–50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल और प्रमाण–पत्र दिया जाएगा। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित प्रतापगढ़ के मल्हौरपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य परिषदीय बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए इस तरह से पढ़ाते हैं कि उन्हें आसानी से समझ में आ सके। श्री मौर्य ने 2022 में ऑनलाइन एक ग्रुप बनाकर पूरे जिले के बच्चों को राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा के लिए प्रेरित किया था। इसमें 785 चयनित बच्चों को 03.76 करोड़ की छात्रवृत्ति मिल रही है। इसी तरह, मिर्जापुर के भगेसर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बतौर प्रधानाध्यापक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया गणित का बगीचा काफी चर्चित है।

——————

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में देश के सबसे बड़े फुटबॉल क्लब मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को डे नाइट मैच खेला जाएगा। मैच का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस प्रमोशनल मैच का आयोजन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है।

——————

राजस्थान में 9वें ओपन जयपुर गेम्स चौंपियनशिप में जौनपुर के बनकट गांव के एथलीट अजीत यादव ने हाई जंप स्पर्धा और शेष बहादुर मौर्य ने गोला फेंक स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

(समाप्त)